बजाज फाउंडेशन द्वारा जैविक खेती कार्यशाला का आयोजन

स्वदेशी बीज को बढ़ावा देने किसानों में जागरूकता

वर्धा। मंगल प्रहर ब्यूरो

बजाज फाउंडेशन ने बजाज ग्रुप व्दारा सामाजिक दायित्व के तहत किसान कार्यशाला का आयोजन किया था. स्वदेशी बीज किस्मों को बढ़ावा देने बीज चयन और उपचार के बारे में जनजागृती के उद्देश्य से प्रदर्शनी-सह-कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में किसानों को बीजों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जैविक खेती में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यशाला का उद्घाटन बजाज फाउंडेशन के ट्रस्टी अपूर्व बजाज ने किया. कार्यशाला में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक प्रवीण

मुले, विद्या मानकर, बजाज फाउंडेशन सीएसआर अध्यक्ष हरिभाई मोरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। 100 से अधिक किसान प्रतिभागियों और कई स्वदेशी बीज प्रदर्शनियों के साथ, कार्यशाला ने उपस्थित लोगों को विभिन्न प्रकार की फसलों की जानकारी दी गयी। जिसमें प्राकृतिक खेती के तरीकों का उपयोग जैसी जानकारी दी गयी। रामकृष्ण बजाज कृषि महाविद्यालय के छात्रों सहित विभिन्न कॉलेजों के करीब 100 छात्रों ने कार्यशाला में भाग लिया।